हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 02 मई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

**तापमान**

अधिकतम 42.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

13 श्रमिक दिवस पर पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज में ...



13 शेर स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित



## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर घूम रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चाकू लेकर घूम रहे एक युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सूचना मिलने भलेसर रोड मुक्तिधाम के पास महासमुंद पहुंचकर आरोपी संजय राजपूत पिता दशरथ राजपूत (26 साल) निवासी वार्ड नं 24 क्लब पारा महासमुंद के कब्जे से एक नग लोहे का चाकू बरामद किया। मामले में आरोपी के धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कुम्हारपारा में मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** शहर के कुम्हारपारा में विवाद के दौरान बीच बचाव करने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कुम्हारपारा निवासी कल्याण अग्रवाल ने बताया कि 30 अप्रैल की रात 10.30 बजे लड़ाई, झगड़े की आवाज सुनकर जब वह अपने घर से बाहर निकला और देखा कि उसके छोटे बेटे लोकेश कुमार अग्रवाल के साथ मोहल्ले का कुलदीप ध्रुव गाली गलौज कर झूमाझटकी कर रहा था, जिसे देख वह बीच बचाव करने गया। इस पर आरोपी कुलदीप ध्रुव उसके साथ भी गाली गलौज करने लगा और पास में रखे ईंट से बांए हाथ को मारा तथा जान से मार देने की धमकी देने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### ऑटोमोबाइल कंपनी परिसर से कार चोरी

**महासमुंद।** शहर के समीपस्थ ग्राम बेलसोंडा स्थित ऑटोमोबाइल कंपनी परिसर से कार चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को स्पर्श आटोमोबाईल बेलसोंडा के सर्विस मैनेजर सुनील कुमार कोरी ने बताया 02.03.2026 को संदीप शर्मा के द्वारा अपनी वाहन क्र सीजी 11 एटी 1604 डिजायर को मरम्मत कराने छोड़ा गया था, कार्य पूरा होने के बाद कार कंपनी परिसर में रखी हुई थी। 30 अप्रैल की रात करीबन 2 के आसपास कंपनी के चौकीदार लक्ष्मीनारायण ने बताया कि परिसर में रखे वाहन क्र. सीजी 11 एटी 1604 डिजायर को अज्ञात चोर गेट के ताला को तोड़कर लेकर चला गया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** पेट्रोलिंग के दौरान बसना पुलिस ने तोषगांव के तालाब के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी उत्तरा रात्रे पिता जगतु रात्रे (59 साल) डिपापारा तोषगांव के कब्जे से कुल 25 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 5000 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



## बेतरबी पार्किंग, मेटाडोर की टक्कर से बाइक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शहर के मुख्य मार्ग में हुई दुर्घटना में बाईक सवार गुरुवार को घायल हो गया। दरअसल, मुख्यमार्ग में अक्सर लोग लाईन के बाहर खड़ी कर देते हैं जिससे कारण मुख्य मार्ग संकीर्ण हो जाता है। इस दुर्घटना का कारण भी यही सामने आ रहा है। एक वाहने के यहां अव्यवस्थित तौर पर पार्किंग किए जाने के कारण नेहरू चौक की ओर से आ रहे आयशर वाहन और मोटरसाइकिल आपस में टकरा गए। घटना में बाईक पूरी तरह से चकनाचूर हो गई वहीं बाईक सवार युवक को चोटें आई है। कोतवाली थाने में मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।



पुलिस को प्रार्थी विकल्प साहू ने बताया कि 30 अप्रैल की दोपहर को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जी 7488 में अपने परिचित के भूपेंद्र साहू के साथ बाइक का सामान लेने एकता चौक जा रहा था। जब वह मेन रोड में कविता सेल्स दुकान के पास पहुंचा था तभी पीछे से आ रही आईशर वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूके 2058 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उसकी मोटर सायकल को साईड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से पीछे बैठे भूपेंद्र साहू के दाहिने पैर में गंभीर चोंट आयी है। प्रार्थी ने बताया कि आरोपी वाहन चालक घटनास्थल से भाग गया था, जिसे पीछाकर पुष्पा पेट्रोल पंप के पास पकड़ा गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### नेहरु चौक से स्वामी चौक तक नो पार्किंग जोन घोषित किए जाने की दरकार

शहर के व्यस्तम मार्ग में सर्वाधिक परेशानी लोगों को नेहरू चौक से स्वामी चौक तक होती हैं। दरअसल, यहां पर पार्किंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के बावजूद लोग अपनी वाहनों को सड़क तक खड़ा रखते हैं। अक्सर यहां पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस एरिया को नो पार्किंग जोन घोषित किए जाने की आवश्यकता है। ताकि, भविष्य में यहां पर मार्ग संकीर्ण होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर विराम लगाया जा सके।

## गर्मी: 37°C के पार पहुंचा पारा, अगले 4 दिनों तक ओलावृष्टि की चेतावनी

# कोरोना काल की याद दिला रही भीषण गर्मी, दोपहर में सड़कें हो रहीं सूनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

कोरोना काल की याद दिला रही यह तस्वीरें वर्तमान की हैं। दरअसल, इसका कारण हैं अंचल में पड़ रही भीषण गर्मी। पूरे जिले में नौतपा से पहले ही सूरज के रौद्र रूप ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 37°C दर्ज किया गया, जबकि गर्म हवाओं और उमस ने लोगों का घरों से निकलना दूभर कर दिया है। दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आ रही हैं।

इस बीच, मौसम विभाग की चेतावनी ने चिंता और बढ़ा दी है कि जिले में आगामी चार दिनों तक मौसम का मिजाज बदलने और ओलावृष्टि (Hailstorm) होने की प्रबल संभावना है।

भीषण गर्मी का असर बाजार पर भी नजर आने लगा है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक व्यापारिक गतिविधियों में भारी गिरावट देखी जा रही है। लोग घरों में सुस्ता रहे हैं वहीं दुकानदार भी भीषण गर्मी के चलते दुकानों में गर्मी से बचने की व्यवस्था में जुटे नजर आ रहे हैं।

मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार आगामी कुछ दिन ओलावृष्टि और अंधड़ के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते अगले 48 से 96 घंटों के भीतर महासमुंद के कई हिस्सों में तेज आंधी-तूफान के साथ ओले गिर सकते हैं। शनिवार के पूर्वानुमान के अनुसार आज तापमान 38°C तक जा सकता है, जिससे गर्मी और बढ़ेगी।

मौसम विभाग के अनुसार आगे रविवार और सोमवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश की 15% संभावना जताई गई है, जिसके साथ ओलावृष्टि की चेतावनी किसानों की चिंता बढ़ा सकती है।



### प्रशासन की सलाह और एहतियात

भीषण गर्मी और संभावित मौसम परिवर्तन को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए दोपहर में बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही कहा गया है कि बहुत जरूरी होने पर सिर ढककर बाहर निकलें और भरपूर पानी पिएं। साथ ही किसानों को सलाह दी गई है कि कटी हुई फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखने की व्यवस्था करें ताकि ओलावृष्टि से नुकसान न हो।

### भीषण गर्मी से बेहाल हुआ जनजीवन

मई महीने की शुरुआत के साथ ही लू (**Heat Wave**) का असर साफ दिखने लगा है। आज महासमुंद में पश्चिमी हवाओं की गति 11 मील प्रति घंटे रही, जिससे वातावरण में शुष्कता बढ़ गई है। वर्तमान में आर्द्रता (**Humidity**) का स्तर 35% के आसपास है, जिससे उमस भरी गर्मी का अहसास हो रहा है।

### पेयजल और निस्तार संकट

ग्रामीण इलाकों में जलस्तर गिरने से पेयजल की समस्या गहराने लगी है। वहीं तालाबों के सूखने से निस्तार संकट और मवेशियों के भी पीने के पानी की समस्या सामने आने लगी है। इधर, भीषण गर्मी के प्रभाव से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों में अधिकतर डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और बुखार के मरीजों की संख्या में अचानक इजाफा हुआ है।

### खान पान का रखें विशेष खयाल : सीएमएचओ राव

खान-पान का ध्यान रखने की सलाह देते हुए सीएमएचओ नागेश्वर राव ने कहा है कि लू से बचने के लिए ओआरएस घोल, नींबू पानी और ताजे फलों का सेवन करें। बाहर निकलने से पहले सिर ढंकने की व्यवस्था और प्याज भी जरूर साथ रखें।

### महुआ शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ अभियान

### 165 लीटर जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

सरायपाली व बसना थाना क्षेत्र में महुआ शराब बनाने व बेचने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर 165 लीटर शराब बरामद किया गया है। मामले में चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने ग्राम नूनपानी व बैदपाली बाजार एवं ग्राम तोषगांव (बसना) में उक्त कार्रवाई की।

इन मामलों में के तहत सरायपाली पुलिस ने ग्राम नूनपानी जाने वाले रोड के किनारे और बैदपाली बाजार के पास अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले दामोदर भारती पिता सुदर्शन भारती (32 वर्ष) निवासी नूनपानी और खीरसागर भारती पिता नान्हू राम भारती (28 वर्ष) ग्राम नूनपानी के कब्जे से कुल 110 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वहीं बसना पुलिस ने ग्राम तोषगांव के अशोक रात्रे पिता जगतु रात्रे (35 वर्ष) निवासी डिपापारा और उत्तरा रात्रे पिता जगतु रात्रे (59 वर्ष) निवासी डिपापारा के कब्जे से कुल 55 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। इन मामलों में आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## महासमुंद जिले की तीन शिक्षिकाओं को मिला सावित्री बाई फुले अवार्ड, शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागबाहरा

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की तीन समर्पित शिक्षिकाओं को प्रतिष्ठित सावित्री बाई फुले अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनके उल्लेखनीय योगदान, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया।

सम्मानित शिक्षिकाओं में खेमलता प्रधान, शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला सांकरा जोंक, सीमा यादव, प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला तुरेगा, जिला महासमुंद, तथा पुष्पलता शुक्ला पूर्व माध्यमिक शाला सांकरा जोंक शामिल हैं। इन तीनों शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, बच्चों को नई तकनीकों से जोड़ने तथा नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनके प्रयासों से न केवल विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर बेहतर हुआ है, बल्कि विद्यालय का वातावरण भी सकारात्मक और प्रेरणादायक बना है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शिक्षिकाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी शिक्षिकाएं समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इनके समर्पण और मेहनत से अन्य शिक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।


इस सम्मान से न केवल शिक्षिकाओं का मनोबल बढ़ा है, बल्कि पूरे महासमुंद जिले का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। विद्यालय परिवार, सहकर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी तीनों शिक्षिकाओं को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।






## कूटरचित दस्तावेजों से राजस्व अफसरों ने दर्ज कर दिया मालिक की जगह दूसरे का नाम!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



■ जमीन मामले में पीड़ित पक्ष ने पत्रकार वार्ता में लगाए राजस्व अफसरों पर गंभीर आरोप

शहर के वार्ड क्रमांक 13 के निवासी भूपेंद्र राठौर ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि ग्राम पिटियाइझर प.ह.न. 53 राजस्व निरीक्षक मंडल/तहसील व जिला महासमुंद में कृषि भूमि खसरा नंबर 208/10 की भूमि का खसरा नंबर 208/10/1 को कूटरचना करते हुये हल्का पटवारी एवं अन्य राजस्व अधिकारी कर्मचारी की मिली भगत करते हुए बिना किसी प्रकार का आदेश पारित किये परिवर्तित किया गया है तथा खसरा नंबर 208/6 को होमकुमार खांडे वगैरह के नाम पर दर्ज किया गया है जो कि अवैध है और कूटरचना कर नाम दर्ज किया गया है।

राठौर ने बताया कि उक्त खसरा नंबर की भूमि को उनके दादा शभगवान जी भाई के द्वारा शोभाराम सतनामी से बकायदा पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से खरीदा गया था जिसका कभी भी उनके द्वारा या अन्य किसी के द्वारा विक्रय नहीं किया गया है किन्तु उक्त भूमि वर्तमान में बिना किसी आधार के होमकुमार खांडे वगैरह के नाम दर्ज कर दी गई है जिस आधार पर होमकुमार खांडे के द्वारा मेरी निजी भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 208/10 पर बलात कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। होम कुमार खांडे वगैरह के नाम पर खसरा नंबर 208/6 रकबा हेक्टेयर को फर्जी तरीके से बिना किसी आधार के दर्ज कर दिये जाने के संबंध में राजस्व अधिकारियों से कई बार संपर्क कर जानकारी एवं दस्तावेज की मांग की गई। किन्तु मुझे किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई और फर्जीवाड़ा एवं कूटरचना करने वाले होमकुमार खांडे एवं संलिप्त राजस्व अधिकारियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

राठौर ने बताया कि इस विषय पर पूर्व में कलेक्टर सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, पुलिस अधीक्षक के समक्ष लिखित एवं मौखिक में शिकायत दी जा चुकी है। किन्तु, आज तक इस विषय पर कोई संज्ञान नही लिया गया है और दोषियों को बचाया जा रहा है, जिसकी गंभीरता से जाँच कराई जाने पर उक्त प्रकरण सहित कई अन्य प्रकरणों में राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से किये जा रहे फर्जीवाड़ा एवं हेराफेरी का खुलासा होगा।



**खबर संक्षेप**



## राजू ने श्रमिक दिवस पर खाया बोरे बासी

**अंवरी।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के पूर्व अध्यक्ष राजू साहू ने बोरे बासी खाया। उन्होंने कहा कि श्रमिक साथियों के खून, पसीने और मजबूत कंधों पर ही विकास और हर निर्माण की नींव है और हर काम में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। वही ऊर्जा छत्तीसगढ़ के बोरे बासी में निहित है।

## तेजस्विनी पांचवीं में अव्वल रही

**अंवरी।** शासकीय प्राथमिक शाला जोरातराई (अ) की छात्रा



तेजस्विनी देवांगन पिता रामेश्वर देवांगन ने कक्षा पांचवीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम में 89 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरपंच पूर्णिमा साहू, समाजसेवी नन्द कुमार बनपेला, देवेंद्र साहू, दिलीप निषाद, दिलीप तारक, अयोध्या तारक, संपर्क दीदी यामेश्वरी निषाद ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## पांचवीं में डाली रही अव्वल

**जीजामगांव।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भाटापारा कोड़ेबोड़ की छात्रा डॉली कुर्रे



कक्षा 5 वीं में अपने संकुल में 96 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। वह पूर्व जनपद सदस्य जूदेवसिंग कुर्रे की पुत्री एवं नेत्र अधिकारी डॉ. लोमेश कुर्रे की भतीजी हैं। इस उपलब्धि पर हेमलता कुर्रे, रितिका कुर्रे, स्वास्थ्य पर्वेक्षक तारा रात्रे, भव्यांश कुर्रे, परिधि कुर्रे, भाव्या कुर्रे, आयुषी कुर्रे एवं विद्यालय के प्रधान शिक्षक योगेश चंद्राकर, शिक्षिका तरुणा बंजारे, हेमलता पाटिल ने डॉली के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री चंद्राकर ने बताया कि डॉली शुरू से मेधावी छात्रा रही है। पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी हमेशा आगे रहती हैं।

# श्रमिकों को दी गई श्रम योजनाओं की जानकारी, लाभ लेने का किया आह्वान

## अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हाल में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर महासमुंद के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर रवि साहू सहित श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सफाई कर्मी, मिशन क्लीन सिटी से जुड़े श्रमिक, भूमिहीन किसान मजदूर सहित विभिन्न क्षेत्रों के श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश एवं श्रम न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने की शुरूआत एक मई 1886 से मानी जाती है, जब अमेरिका की मजदूर यूनियनों ने काम का समय 8 घंटे से अधिक ना रखे जाने के लिए हड़ताल की थी। भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में 1923 को मनाना शुरू किया गया था। उस समय इसको मद्रास दिवस के तौर पर प्रमाणित कर लिया गया था। इसकी शुरूआत भारतीय मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेटयार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया गया और एक संकल्प पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाए और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाए। इसके अलावा वेतन संहिता 2019 के संबंध में विस्तापूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि यह संगठित और असंगठित दोनों सेक्टर के सभी कर्मचारियों पर लागू नियमों, न्यूनतम वेतन नियम, समय पर वेतन, बोनस, समान काम समान वेतन, ओवर समय का वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा एवं व्यवसायिक सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए जाने वाले विधिक सलाह एवं सहायता के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, अपर कलेक्टर रवि साहू, श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र, टास्क फोर्स समिति सदस्य प्रेमशीला बघेल, विधायक प्रतिनिधि रेखा बेहरा सहित श्रम विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सफाई कर्मी, मिशन क्लीन सिटी से जुड़े श्रमिक, भूमिहीन किसान मजदूर सहित विभिन्न क्षेत्रों के श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने श्रमिकों के योगदान को समाज और विकास की आधारशिला बताते हुए उनके कल्याण हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना की। टास्क फोर्स समिति सदस्य प्रेमशीला बघेल ने अपने संबोधन में श्रमिकों के सशक्तिकरण एवं उनके सामाजिक सुरक्षा अधिकारों पर बल दिया। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए श्रमिकों से इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

**कार्यक्रम :** सुशासन तिहार अंतर्गत बम्हनी में समाधान शिविर आयोजित

# मुख्यमंत्री के सुशासन में एक-एक गांव का विकास होगा : योगेश्वर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत महासमुंद विकासखंड के ग्राम बम्हनी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने की।

इस अवसर पर जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, माखन पटेल, रूपरेला, अरविंद प्रहरे, शरद मराठा, राजू चंद्राकर सहित अंचल के सरपंचगण, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अक्षा गुप्ता एवं जनपद पंचायत सीईओ मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर में 16 ग्राम पंचायतों- बिरकोनी, अछरीडीह, घोड़ारी, मुढेना, बेलसोडा, नांदगांव, बड़गांव, बरबसपुर, चिंगरौद, बम्हनी, बरोंडाबाजार, भलेसर, लाफिनखुर्द, लाफिनकला, खरोरा एवं साराडीह से प्राप्त कुल 1166 आवेदनों के निराकरण हेतु समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्राप्त आवेदनों में से 548 का मौके पर निराकरण किया गया तथा शेष 618 आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई समय सीमा में की जाएगी।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली गई। विधायक सिन्हा ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप शासन-प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन के माध्यम से एक एक गांव का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा तथा विकास कार्यों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, वात्सल्य योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से आमजन सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने श्रम विभाग की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। विधायक सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक 10 से 15 पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित कर समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। संवाद के माध्यम से ही समग्र समाधान संभव है। उन्होंने पेयजल, शिक्षा एवं सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि बम्हनी क्षेत्र में किसानों को रबी सीजन में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा रहा है तथा भविष्य में सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से प्रत्येक गांव तक पानी पहुंचाया जाएगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का सरल एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित हो। उन्होंने बताया कि वर्तमान बजट में क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

इस अवसर पर विधायक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को बैंक लोन का चेक, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, श्रमिक कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अभिनंदन पत्र एवं सुपोषण टोकरी वितरित किए गए।

# सशिमं के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में अपनी मेधा का किया प्रदर्शन

**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 के प्रावीण्य सूची में स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा पौरवी देवांगन ने 96.6 प्रतिशत प्राप्त कर नवम स्थान प्राप्त कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पौरवी, हिरेंद्र देवांगन और ईश्वरी देवांगन की पुत्री है। पौरवी देवांगन को हिंदी में 99 अंग्रेजी में 96, भौतिक में 95, रसायन में 95, गणित में 98 और अतिरिक्त विषय विज्ञान में 86 (कुल 483/500) अंक मिले हैं। आगे एआई इंजीनियर बनने की इच्छा रखने वाली पौरवी देवांगन ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं विद्यालय परिवार को दिया।



विद्यालय के परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रथम स्थान पर पौरवी देवांगन ने 96.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर रूपाली चक्रधारी ने 91.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर रचना ब्यौहार ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा इसमें प्रथम स्थान पर 41 छात्रों, द्वितीय स्थान पर 20 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। हाई स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा 2026 में विद्यालय की छात्रा साधना देवांगन पिता तुलेश एवं माता रिंकु देवांगन ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। द्वितीय स्थान पर श्रेया साहू ने 93 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान प्राप्त दीप्ति देवांगन ने 92.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रथम स्थान पर 35 भैया-बहिनों एवं द्वितीय स्थान पर 13 भैया-बहिनों ने अंक अर्जित किया। इसी तरह माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा में भाग्यश्री चक्रधारी पिता भीषम चक्रधारी ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान में सोनाक्षी डहरे 95.1 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान में हीना पटेल 94.7 प्रतिशत अंक अर्जित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा इसमें प्रथम स्थान पर 38 भैया/बहिनों, द्वितीय स्थान पर 2 भैया/बहिनों ने स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा में चित्रांगना नायक पिता जितेंद्र नायक ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान में अपर्णा नायक 95.8 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान में भूमिका साहू 93.2 प्रतिशत अंक अर्जित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा इसमें सभी 45 भैया/बहिनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पौरवी की इस उपलब्धि पर बुधवार को प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता डे, जनपद पंचायत उपध्यक्ष तरुण ब्यौहार, थानसिंह दीवन विद्यालय संचालन समिति के साधारण सभा के सदस्य अनिल पुरोहित, प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर, कार्यालय प्रमुख कौशल चंद्र साहू अनिमेश शर्मा, नीलू साहू तथा अन्नपूर्णा सोनी ने पौरवी की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त कर यशस्वी जीवन की मंगल कामना की। विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित करने पर सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू, अध्यक्ष रामभरोसा सोनी, सचिव लक्ष्मणराव मगर, सह प्रांत प्रमुख एवप्रांतीय शारीरिक प्रमुख मानिकलाल साहू, राजिम विभाग समन्वयक नरेश यादव एवं विद्यालय संचालन समिति के उपाध्यक्ष श्रद्धा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सचिव एवं व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल सह सचिव जोगेंद्र सिंह एवं संचालन समिति के सदस्य प्रीतमसिंह दीवान, तारा शर्मा, राही शर्मा, घनश्याम सोनी, महेश चंद्राकर, शैलेंद्र तिवारी, नरेश जैन, विकास बग्गा एवं विद्यालय के समस्त दीदी, आचार्यों ने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जमीन हड़पने के लिए शासन-प्रशासन को गुमराह किए जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के पंजाबी पारा मोहल्ले में एक परिवार की बिजली काटे जाने संबंधी मामले को लेकर स्थानीय निवासी सुरेंद्र दास का दावा है कि उक्त परिवार उसका किराएदार है और 28 साल नही बल्कि कुछ वर्षों से यहां निवासरत है। उक्त स्थान का नजरी नक्शा और नगर पालिका टैक्स की रसीद प्रदर्शित करते हुए सुरेंद्र दास ने कहा है कि रामअवतार ध्रुव पिता स्व. राम सिंह ध्रुव के मार्फत कुछ लोग उक्त स्थान को कब्जा करने की फिराक में हैं।

सुरेंद्र दास ने बताया कि ध्रुव का परिवार 28 वर्षों से एक ही स्थान पर निवास नहीं कर रहा है। बिजली बिल के अनुसार ध्रुव परिवार ने बिजली कनेक्शन 09/03/2003 को लिया था तथा उनकी बीपी नंबर-1001823759 है। बिल में अंतिम भुगतान की तारीख-17/03/2021 अंकित है।

**मालिक मकान ने कहा- मालिक नहीं किराएदार है आदिवासी परिवार**

कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ता का नाम बैसाखू ध्रुव है तथा उसे थॉमस गली का निवासी बताया गया है लेकिन जो कनेक्शन काटा गया है वह हनुमान मंदिर पुराना आई.टी.आई मोहल्ला का है जो थॉमस गली से काफी दूर है। ऐसी स्थिति में वे हनुमान मंदिर पुराना आईटीआई मोहल्ला में विगत 28 वर्षों से कैसे निवास कर सकते हैं। दास ने कहा है कि यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि यदि बिजली कनेक्शन गलत तरीके से काटा गया था, तो नया कनेक्शन लेने की आवश्यकता क्यों पड़ी? काटे गए कनेक्शन को क्यों नहीं जोड़ा गया? वैध कनेक्शन को काटे जाने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? यह भी स्पष्ट हो कि जो कनेक्शन काटा गया था वह वैध था या अवैध? दास ने कहा कि वास्तविकता यह है कि रामअवतार ध्रुव जिस मकान में वर्ष 2021 से किराया में रह रहा है, उस मकान में वह और उसके समर्थन में कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं।

# बाइक से गांजा का अवैध परिवहन, दो महिलाओं सहित चार लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाइक से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे चार लोगों को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो लाख रुपए का दस किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में महिला के साथ अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने पदमपुर रोड अर्जुंडा मोड़ के पास पहुंचकर संदेही का इंतजार किया। कुछ देर बाद एक व्यक्ति अपनी मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 04 जे 0982 में एक महिला को पीछे बिठाकर अर्जुंडा के पास आया, वहीं कुछ देर बाद पदमपुर रोड की ओर से एक व्यक्ति मोटर सायकल हीरो ग्लैमर क्र. सीजी 04 ए 1778 में एक महिला को पीछे बिठाकर बीच में बोरी में सामान रखकर आया, जो पूर्व से आए व्यक्ति को बोरी में रखे सामान को देकर जाने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेहियों ने पूछताछ में अपना नाम पता शंकर बेहरा पिता मोहन बेहरा (45 साल) निवासी ग्राम देवलभाठा थाना सरायपाली जिला महासमुंद एवं बीच में सफेद रंग की बोरी में सामान रखकर बैठी महिला ने अपना नाम चंचल बेहरा पति शंकर बेहरा (30 साल) निवासी ग्राम देवलभाठा थाना सरायपाली जिला महासमुंद होना बताया। इसी तरह दूसरे मोटर सायकल के चालक ने अपना नाम कपिला बकुल पिता पवन बकुल (23 साल) निवासी ग्राम तालमलखा थाना घंटापडा जिला बौद्ध ओडिशा एवं पीछे बैठी महिला ने अपना नाम रश्मि बकुल पति कपिला बकुल (20 साल) निवासी ग्राम तालमलखा थाना घंटा पडा जिला बौद्ध ओडिशा होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10.270 किलोग्राम गांजा कीमत 2,00,000 रुपए को बरामद किया। मामले में गांजा के अलावा दो बाइक, मोबाइल भी जब्त किए गए हैं। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।



## साहू कॉफी हाउस के नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के आतिथ्य में भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊ राम साहू के नवनिर्मित प्रतिष्ठान साहू कॉफी हाउस का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष देवीचंद राठी भाजपा जिला महामंत्री थानसिंग दीवान, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, पार्षद भाऊ राम साहू, जय देवांगन, रिंकू चंद्राकर, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई, गुलशन साहू, सुनैना पप्पू ठाकुर, राहुल आवड़े, मुस्ताक़ ख़ान, हाफिज कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, धनेद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, महेंद्र सिक्का, आनंद साहू, हर्ष साहू आदि उपस्थित रहे।

**निधन**

## सुखवंतीन बाई साहू

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह निवासी



सुखवंतीन बाई साहू (76 वर्ष) का 1 मई 2026 को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे भुवन, चैतराम, सुंदरलाल की मां तथा कमलेश भुखन, विनोद, नरेंद्र, अश्वनी की दादी थीं। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# हरी खाद, नील हरित काई एवं वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कृषि विभाग में संयुक्त संचालक कृषि गयाराम की अध्यक्षता में रबी वर्ष 2025-26 तथा खरीफ वर्ष 2026 के कार्यक्रम निर्धारण एवं तैयारियों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं खरीफ सीजन की तैयारियों की एजेंडावार समीक्षा की गई।

बैठक में सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को वितरित किए जाने वाले बीज एवं उर्वरकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नियमित नमूना जांच कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लंबित फार्मर आईडी (एग्रीस्टैक) प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के लिए सुशासन तिहार एवं शिविरों के माध्यम से शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को ऑनलाइन माध्यम से उर्वरक प्राप्त करने में सुविधा हो सके। खरीफ वर्ष 2026 के लिए रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरी खाद, मूंग, ढेंचा, सनई, नील हरित काई एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग एवं उनके लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान शासकीय कृषि प्रक्षेत्र बरंतुगा के प्रक्षेत्र प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि 22 टैंकों में नील हरित काई उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। वहीं, विकासखंड बसना के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने प्रगतिशील कृषक अर्तयामी प्रधान द्वारा स्वयं के दो टैंकों में नील हरित काई उत्पादन किए जाने की जानकारी दी।



संयुक्त संचालक कृषि ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्षेत्र स्तर पर सतत मॉनिटरिंग करते हुए किसानों के बीच हरी खाद एवं नील हरित काई के उपयोग को अधिक से अधिक बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 वर्ष के भीतर विकसित उन्नत किस्मों के चयन एवं अधिकाधिक बीज उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों को जोड़ने पर जोर दिया।

बैठक में खरीफ वर्ष 2026 हेतु जिले में रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता, भंडारण, वितरण एवं शेष स्टॉक की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। किसानों को अग्रिम उर्वरक उठाव एवं डीएपी खाद के वैकल्पिक उपयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश मैदानी अमले को दिए गए। इसके अलावा महासमुंद जिले के प्रगतिशील कृषकों द्वारा उत्पादित सुगंधित एवं फोर्टिफाइड चावल की पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं निर्यात को बढ़ावा देने पर भी विशेष चर्चा की गई। बैठक में उप संचालक कृषि महासमुंद, अनुविभागीय कृषि अधिकारी महासमुंद, सरायपाली, सहायक मृदा परीक्षण अधिकारी महासमुंद, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## त्रुटि सुधार

दिनांक 01/05/2026 को हरिभूमि (महासमुंद भूमि) में आवेदक तरुण कुमार पिता रमेश चंद्र साहू की ओर से प्रकाशित ईश्तहार में त्रुटिवश न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा प्रकाशित हो गया था। जिसे सुधार करते हुए कृपया न्यायालय तहसीलदार-महासमुंद, जिला-महासमुंद (छग) पढ़ें।

## खबर संक्षेप

### सिन्हा समाज के नवीन भवन का भूमिपूजन आज

**धमतरी।** कलार समाज मंडल धमतरी द्वारा रत्नाबांधा रोड स्थित सिन्हा समाज भवन परिसर में नवीन भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन आज एक मई को सुबह 10 बजे किया जाएगा। लगभग 30 लाख रुपये की लागत बनने वाला यह भवन समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। आयोजन की तैयारी में कलार समाज मंडल धमतरी के मंडलेश्वर संतोष कुमार सिन्हा, सचिव यशवंत सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष हेमशंकर सिन्हा सहित अन्य सदस्य जुटे हैं।

### प्रायोगिक परीक्षा 8 मई को

**कुरूद।** संतगुरु घासीदास कालेज में बीसीएस चतुर्थ सेमेस्टर रसायन शास्त्र, डीएससी, डीएसई, जीई के नियमित, भूतपूर्व, एटीकेटी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 8 मई को प्रातः 10 बजे निर्धारित की गई है। इसी प्रकार एमएससी द्वितीय सेमेस्टर माईक्रोबायोलाजी की प्रायोगिक परीक्षा 8 मई को ही प्रातः 9 बजे होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रायोगिक फाइल, लेखन सामग्री के साथ उपस्थित होंगे।

### स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक 4 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी की बैठक 4 मई सोमवार को सुबह 10 बजे रूद्रेश्वर महादेव घाट रूद्री में रखी गई है। संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश्वर कुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी दयानंद साहू ने बताया कि बैठक में संघ से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी। कुरूद ब्लाक अध्यक्ष नूतन कुमार साहू, धमतरी ब्लाक अध्यक्ष गोपाल पवार, नगरी ब्लॉक अध्यक्ष रविशंकर चेलक एवं मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन ने ब्लॉक के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### प्रयास में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**धमतरी।** प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाईट पर अपलोड किया गया है। परीक्षार्थी उक्त वेबसाईट पर जाकर प्रवेश पत्र 9 मई तक प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में बाद नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा।

## निधन

### जितेंद्र कुमार ढीढी



**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर स्कूल चौक निवासी जितेंद्र कुमार ढीढी (35 वर्ष) का देहांत 28 अप्रैल मंगलवार को हुआ। जिसका अंतिम संस्कार प्रातः 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिक जन शामिल हुए। वे मानकी ढीढी के पति व राधेश्याम ढीढी के पुत्र, दिनेश कुमार ढीढी के भाई थे।

### सुरक्षा : आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई, समन्वय का अभ्यास

# श्रमिक दिवस पर पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज़ में मॉकड्रिल आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, महासमुंद में श्रमिक दिवस के अवसर पर कर्मकारों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल में सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दिशा शुक्ला, सुरक्षा अधिकारी दिलीप ओझा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस दौरान कारखाने में आग लगने जैसी आपात स्थिति से बचाव एवं नियंत्रण के लिए फायर टीम, बचाव दल, मेडिकल टीम तथा अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

सुरक्षा अभ्यास के दौरान बचाव दल द्वारा सुरक्षा उपकरणों एवं व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) का उपयोग करते हुए अग्नि दुर्घटना पर नियंत्रण करने का प्रदर्शन किया गया। साथ ही आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई, समन्वय एवं सुरक्षा मानकों के पालन की जानकारी भी दी गई।

इस आयोजन के दौरान औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की ओर से मॉकड्रिल के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कारखाना प्रबंधन को नियमित रूप से मॉकड्रिल आयोजित करने तथा फायर एवं अन्य आपात परिस्थितियों से निपटने हेतु सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं की सतत जांच एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा तांता



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के जन्मदिन पर युवा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व शुभचितकों ने पुष्पहार, गुलदस्ता भेंट किया। जन्मदिन पर नपाध्यक्ष ने नगर कुलदेवी मां महामाया की पूजा अर्चना कर नगर व क्षेत्र वासियों की समृद्धि की कामना की। पश्चात निज निवास में शुभचिंतकों से भेंट मुलाकात किया। बधाई देने नगर पालिका के समस्त पार्षद गण, सभापति गण, नगर के गणमान्य जन, युवा कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## संस्कार समर कैंप का ग्रैंड फिनाले 3 मई को पायल साहू करेंगी उत्साहवर्धन

**पिथौरा (ग्रामीण)।** संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा द्वारा आयोजित 40 दिवसीय निःशुल्क मल्टी टैलेंट समर क्लासेस का समापन 3 मई को भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह के साथ किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुरु



तेग बहादुर धर्मशाला में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। समारोह में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। संस्थान के डायरेक्टर सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि समापन अवसर पर समर कैंप में शामिल बच्चों द्वारा धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही 40 दिनों के प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक गायिका पायल साहू विशेष रूप से उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करेंगी।

## झलप में मनाई गई परशुराम जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम विप्र भवन श्याम नगर में आयोजित किया गया। झलप में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा ज़िलाध्यक्ष एतराम साहू, जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर, आईटी सेल संयोजक धर्मेश शुक्ला, मंडल महामंत्री एवं सरपंच राकेश साहू, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा, हनी गंभीर, पोतदार सोनवानी, बलि चौधरी, जितेंद्र मार्कंडे, संतोष पंडा, मधु शुक्ला, एवं ब्राह्मण समाज के समस्त सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर भगवान परशुराम के आदर्शों एवं उनके त्याग, पराक्रम और धर्म के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए समाजजनों के साथ सहभागिता का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ब्राह्मण समाज द्वारा आम भंडारा का भी आयोजन किया गया।

## टॉप-10 में जगह बनाना विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाणः द्वारिकाधीश

**महासमुंद।** जिले के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक



शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इसे ऐतिहासिक सफलता बताते हुए मेधावी छात्रों, उनके अभिभावकों एवं गुरुजनों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने विशेष रूप से उन 12 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की सराहना की, जिन्होंने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाकर महासमुंद का नाम पूरे छत्तीसगढ़ में रोशन किया। यादव ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि मेरिट सूची में शामिल 12 विद्यार्थियों में से 11 सरायपाली और 1 बागबाहरा से हैं। टॉप-10 में जगह बनाना क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। विधायक यादव ने कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि उनके माता-पिता के त्याग और शिक्षकों के समर्पण का भी प्रतिफल है। छात्राओं की उल्लेखनीय भागीदारी पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज बेटियाँ हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। शहनाज परवीन, गीतिका प्रधान और रानू सिद्धिमयी जैसी छात्राओं ने साबित कर दिया है कि अवसर और सही मार्गदर्शन मिलने पर वे किसी भी ऊँचाई तक पहुँच सकती हैं। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विधायक ने कहा कि चाहे उनका लक्ष्य आईएएस बनना हो या इंजीनियर, इन बच्चों में देश-प्रदेश की सेवा का जो जज्बा है, वह प्रेरणादायक है।

## खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है : मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

स्थानीय शहीद वीर नारायण सिंह एवं भगत सिंह खेल मैदान में मॉर्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित कमला गौशाला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि मुकेश यादव सहित अन्य अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा सिक्का उछालकर टॉस कराया गया और राष्ट्रगान के साथ मैच का विधिवत शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्पहार एवं गमछा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि मुकेश यादव ने खिलाड़ियों को कहा कि खेल न केवल शारीरिक मजबूती प्रदान करता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को सशक्त बनाता है। उन्होंने आयोजन समिति को इस शानदार प्रतियोगिता के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन पिथौरा नगर के लिए गौरव की बात हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए।

उन्होंने रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता को नगर के लिए अद्भुत पहल बताते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को नरेंद्र सेन, आकाश महंती एवं मिंकु अजमानी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सौरभ गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर कौशल रोहिल्ला, स्वतंत्र पांडे, गौतम साहू, मनीष अग्रवाल, दिनेश खालसा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# कसेकेरा के सरस्वती ग्राम गंगा स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए

**बागबाहरा।** सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित सरस्वती ग्राम गंगा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा में सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व संस्था प्रमुख व सचिव द्वारा भारत माता, ऊं, मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

घोषित परिणामों में कक्षा षष्ठ से प्रथम लक्ष्य पिता राजकुमार तिवारी तिवारी 97.3%, द्वितीय निधि पटेल पिता दीपक पटेल 92%, तृतीय तुषार साहू पिता हेमसागर साहू 90.7%, कक्षा सप्तम से प्रथम दीप जगत पिता मन्नू जगत 94%, द्वितीय अनन्या तिवारी पिता मनोज तिवारी 93.53%, तृतीय भूपति पटेल पिता दुर्गा प्रसाद पटेल 91.2%, कक्षा अष्टम केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा में प्रथम उर्वशी साहू पिता परवीन साहू 96%, द्वितीय संजना सेन पिता प्यारेलाल सेन 95%, तृतीय भावेश पांड़े पिता ओंकार पांड़े, 94.9% कक्षा नवम से प्रथम हेमलाल साहू पिता गैदलाल साहू 90%, द्वितीय सुष्मिता ठाकुर पिता टीकम ठाकुर 88.66%, तृतीय मोनिका साहू पिता खोमनलाल साहू 82%, कक्षा दशम माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में प्रथम तुषार साहू पिता नूतेंद्र साहू, 91.33%, द्वितीय केदारनाथ सिन्हा पिता केशराम सिन्हा 88.17%, तृतीय डायमंड साहू पिता देवनारायण साहू 85.33%, एकादश से प्रथम खिलेश्वरी साहू पिता रेवाराम साहू 86.18%, द्वितीय माही सेन पिता प्यारेलाल सेन 84.64%, तृतीय चुनेश्वर साहू पिता शंकर लाल साहू 77.08%। कक्षा 12वीं से प्रथम कुशल साव पिता सुरेश कुमार साव 90.4% द्वितीय कबीर निर्मलकर पिता नटवरलाल निर्मलकर 88.2%तृतीय कुमकुम यादव पिता थानूराम यादव 86.2%रहा।

उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड दे कर प्रोत्साहित किया गया। संस्था प्रमुख वीरेंद्र कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में आशीर्वाद देते हुए कहा कि तुम्हारी सफलता इस बात का प्रमाण है कि मेहनत का



कोई विकल्प नहीं है। दिनेश कुमार साहू कार्यालय प्रमुख ने कहा कि यह सफलता केवल एक शुरुआत है आने वाले समय में ऊंचे लक्ष्य हासिल करने की कामना की। अध्यक्ष नीलकंठ चंद्राकर, सचिव नंदकुमार चंद्राकर परीक्षा प्रमुख धनेश्वर साहू एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले भैया-बहनों को उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना व शुभ आशीर्वाद प्रदान दिया।

# बोर्ड परीक्षा में नर्रा स्कूल के छात्रों का दबदबा जिले की मेरिट लिस्ट में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के विद्यार्थी छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों 2026 ने अपनी प्रतिभा शानदार सफलता हासिल की है। स्कूल के प्रतिभावान छात्रों ने न केवल उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए है बल्कि मेरिट सूची में भी अपना नाम दर्ज कराकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।



कक्षा 10 वीं कुल छात्र 89 में से 87 उत्तीर्ण रहे। वहीं कक्षा 12वीं में कुल छात्र 55 में से 47 उत्तीर्ण रहे। विज्ञान में 19 में 19 उत्तीर्ण वाणिज्य संकाय में 25 में 24 उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 वीं में भूपेंद्र पिता यशवंत देवांगन 600 में 575 अंक 95 .83 % प्रथम रहे। युवराज पटेल पिता लीलसिंह पटेल ने 600 में 550 अंक 91.66 % द्वितीय स्थान प्राप्त कर परचम लहराया। वीरेंद्र पिता शोभाराम पटेल ने 600 में 545 अंक प्रतिशत 90.83 % तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 12 वीं विज्ञान में प्रथम नवनीत सेन पिता मोहन सेन 80 .8 %, द्वितीय भारती पिता केशरू चक्रधारी 79.8 %, तृतीय स्थान पर प्रियंका पिता बद्री पटेल 78 .2 % अंक रही। वाणिज्य संकाय में बिमला पिता युवराज ने 90 .4 प्रतिशत प्रथम, साविता पिता डिगेश 83 % द्वितीय रही, वहीं पूजा/ईश्वर दीवान ने 81.8 % अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12 वीं कला में प्रथम भारती/थानुराम यादव 80. 4 % द्वितीय स्थान रागनी/मोहनलाल 78 .6 % एवं तृतीय खिलेंद्र/राधेश्याम ने 77 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत तथा शिक्षको के मार्ग दर्शन को देते हुए कहा कि माता पिता का भी सहयोग रहा।

परीक्षा प्रभारी योगेश साहू ने इस सफलता को छात्रों की कड़ी मेहनत और हमारे शिक्षक साथियों के संयुक्त प्रयासों का फल बताया। सरपंच नामेश्वरी दीवान और उपसरपंच लोकनाथ पटेल व पंचगण एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष टेकराम पटेल सांसद प्रतिनिधि दुकालुराम पटेल विधायक प्रतिनिधि विजय शंकर निगम समेत सदस्य गण एवं संस्था के प्राचार्य भूपेंद्र पठियार, पन्नालाल साहू, रतनलाल कोसरे, दुर्गेश चंद्राकर, नीलिमा भोई, कामता साहू, भास्कर साहू, योगेश साहू, जागृति प्रजापति, अरविंद ठाकुर, कुलेश्वर चंद्राकर समेत शिक्षक स्टाफ ने छात्रों को इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# शेर स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समीपस्थ ग्राम शेर स्कूल में प्राचार्य एसबी.लाल की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ व्याख्याता दिलीप छत्रे के विशेष आतिथ्य में 9 वी, 11वीं, 6वीं, 7वीं, 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमे 11 वीं में प्रथम स्थान ममता(83.58%), द्वितीय डाली, तृतीय स्थान मयंक ने प्राप्त किया। कॉमर्स में शालिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 9वी में प्रथम लोकेश्वर (89.95%), द्वितीय थनेश्वरी व तृतीय स्थान जिज्ञासा ने प्राप्त किया। 9वीं ए प्रथम सुमन, बैंकिंग संकाय में लीना ने प्राप्त किया। सर्वाधिक उपस्थिति के लिए प्रत्येक कक्षा से वर्षा, तारणी, वंदना, धैर्य, भुनेश्वरी, फलेश्वरी, को मैडल प्रदान किया गया। इसी क्रम में 6वीं में प्रथम साक्षी (90.1%), द्वितीय झरना, तृतीय नूतन, 7 वीं में प्रथम



मोर ध्वज (97%), द्वितीय भुनेश्वरी, तृतीय स्थान कुमकुम, कक्षा 8 वी में प्रथम कीर्ति (93.92%), द्वितीय दीक्षा, तृतीय स्थान ऐश्वर्या ने प्राप्त किया। इन सभी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता दिलीप छत्रे को उनकी अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। परीक्षा परिणाम की जानकारी शिक्षक रोहित मिश्रा ने दी व कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक हितेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक टोहन देवांगन, विजय पुरी गोस्वामी, शोभा दीवान, आशा सिन्हा, रेणुका शर्मा, सुषमा साहू, नरेश विश्वकर्मा, दिव्या ताम्रकार, मोनिका मोंगरे, मधुमति डहरिया, उमाशंकर पटेल. दीपक शर्मा, सलिल चौधरी, डोमेश्वरी साहू, होशराम सिन्हा, कोमल साहू, गोदावरी साहू, रींचा पटेल, संगीता टांडेकर, हेमकुमारी नेताम, दिनेश सोनी, भुवन साहू, समीम कौसर, पद्मा दीवान, अनिता दीवान, दीपांशु, गायत्री व पालक गण उपस्थित थे।



## बुद्ध पूर्णिमा पर मां दुर्गा की महाआरती की गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर पवन पटेल के घर में मां दुर्गा की महाआरती की गई। बुद्ध पूर्णिमा वैशाख मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। एक प्रमुख और पवित्र पर्व है, जो भगवान गौतम बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों को समर्पित होता है। यह दिन लोगों को शांति, करुणा और सादगी का संदेश देता है। इस अवसर पर लोगों ने पूजा-पाठ, ध्यान और दान किया। मां दुर्गा की महाआरती पर रंजीत, दिलीप, राधे, राहुल, झरना, हीराबाई, लक्ष्मीचंद, दुलार, परशुराम उपस्थित रहे।



# हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

# सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

## प्रथम उपहार 1 कार



**द्वितीय उपहार**
**3 नग बाईक**



**तृतीय उपहार**
**10 नग LED TV**



**चतुर्थ उपहार**
**5 नग फ्रीज**



**पांचवा उपहार**
**8 नग वासिंग मशीन**



**छठवां उपहार**
**15 नग गैस चूल्हा**



**सातवां उपहार**
**25 नग सिलिंग फेन**



**आठवां उपहार**
**40 नग ट्राली बैग**



**नवां उपहार**
**500 नग हॉट पॉट**



**दसवां उपहार**
**600 नग लंच बाक्स**



**ग्यारहवां उपहार**
**प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार**



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

**आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें**

**हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर**
**फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740**